राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 15.00 संख्या 35
नागराज और कांजा
इस विशेषांक के साथ
नागराज का पोस्टर मुफ्त

नागराज और कांजा
लेखक: तरुणकुमार वाही
संपादन: मनीष गुप्ता
कलानिर्देशन: प्रताप मुळीक
चित्र: मिलिंद मिसाळ
विठ्ठल कांबळे
रात! जिसके आमंत्रण पर कुछ लोगों की सुबह होती है!
शहर की कुछ गलियों, क्लबों और सुनसान समुद्री तटों पर होती है चहल-पहल—
और इस चहल-पहल से शरीफ नागरिकों को कोई लेना नहीं होता!—
अलबत्ता "दे" वो जरूर जाते हैं!
स्साला! सूट-बूट और टाई लगाकर रात में घूमता है और जेब में रखता है सिर्फ पांच रुपये-बारह आने।
अब "नक्की" हो ले। रना पांच ही टुकड़े कर दूंगा तेरे। चल फूट।
घर में घरवाली चैन नहीं लेते देती, बाहर ये लुटेरे। बहहहह।
आज स्साला दिन ही खराब है।
रात बोल रात! और हां, दो रुपये साढ़े सत्तासी पैसे शराफत से मेरे हवाले कर दे। बड़ी कड़की है। क्या?

इसी पल उनकी आंखों को चकाचौंध करती लपलपाई वह चमक—

जॉन, यह क्या था?

लगता है कोई तारा टूट कर उस तरफ गिरा है जॉनी!

वह अद्भुत दृश्य देखकर आश्चर्य से फैल गई दोनों की आंखें—

उसे मत देख जॉनी! उसके जिस्म पर लदे हीरे-मोती देख। लाखों में होगी इनकी कीमत।

आह

कुत्तों के समान दोनों लार टपकाने लगे—

जॉन! देख उसे!

बाज की तरह झपट पड़े दोनों उस आश्चर्य पर—

आवाज नहीं! समझी!

स'आश्चर्य'से इस हरकत
ी अपेक्षा तो हर्गिज नहीं
ी जॉन को--
तुम्हारे गले से
चीखों की आवाजें निकलेंगी
या नहीं, यह अब तुम दोनों
की सहनशक्ति पर
निर्भर है।
'खट' से खुल गया जॉनी का बारह इंची, और --
चुड़ैल! तेरी अंतड़ियों की दावत दूंगा अब मैं इस समुद्र के जीवों को।
गजब की फुर्ती भरी थी सुन्दरी के लचीले बदन में और आंखों में था क्रोध --
सुन्दरी के सामने खोखली धमकी ही साबित हुई वो--
गले पल अपनी पोशाक से
ह क्या खींचा उसने?
दोनों में से कोई भी, कुछ भी न समझ सका, और सुन्दरी ने चेहरे पर प्रलयंकारी भाव लिए हुए वह छड़ी छुआ दी जॉन और जॉनी से --
हा हा हा हा! तुम्हारी बदकिस्मती कि तुम्हारा सामना आज मुझसे हो गया। हा हा हा हा हा।

उफ! गायब हो गए दोनों ही—
फिर वहां से आगे बढ़ी तो रहस्यमय सुन्दरी—
पृथ्वी पर पहुंचते ही मेरा सामना दो शैतानों से हो गया। पृथ्वी सचमुच बुरे लोगों से भरी लगती है। ठीक जगह पर पहुंची हूं मैं।
इधर राजधानी में गरमाया हुआ था चुनाव का माहौल—
कई राजनीतिक पार्टियां जहां चुनाव प्रचार में व्यस्त थीं...
... वहीं नेशनल पार्टी के भूतपूर्व रक्षामंत्री मिस्टर रिचर्ड ऑर्थर एक आम को सम्बोधित करने जा रहे थे—
सर! इस बार आपकी पार्टी की जीत को कोई ताकत नहीं रोक सकती।
पब्लिक के रुख का कोई भरोसा नहीं मिस्टर थॉमस!
भारती
रक्षामंत्री के आगमन पर गरमा उठा माहौल—
जीतेगी भई जीतेगी।
नेशनल पार्टी जीतेगी।
भावी विजय की चमक थी ऑर्थर की आंखों में—

ह्मामंत्री आर्थर का स्वागत किया नन्हें बच्चों के बैण्ड ने—
वाह!
खूब !
कला की
जवाब
और फिर सभा को सम्बोधित करने मंच की ओर बढ़े मिस्टर आर्थर के कदम—
एक बार फिर गगन गूंज उठा नारों से—
ारों का अभूतपूर्व शोर थमा भी न था कि वातावरण गूंज
ठा मोटरसाइकिलों के इंजनों के तीव्र शोर से—
सनसनी मचा दी उन मोटरसाइकिल सवारों ने—
टिड्डी दल के समान चारों ओर छितराते चले गए आगंतुक मोटरसाइकिल सवार—
हकबकाया सा खड़ा प्रत्येक व्यक्ति अभी कुछ समझ भी न पाया था—
कौन हैं ये मोटरसाइकिल सवार?
उफ। इनकी बाइक्स पर गनें फिट हैं।

...गार्ड्स कमांडो उस आकस्मिक खतरे से निबटने को उठ भी न पाई थीं—
खतरा
...कि भयानक शोर मचाती मोटरसाइकिलों के साथ ही वहां गूंज उठे गोलियों के धमाके—
ज़िंग ज़िंग
धमाके। सैकड़ों गोलियों के सैकड़ों धमाके—
ओह, नो!
ज़िंग ज़िंग
नन्हें मासूम बच्चों के "बैन्ड" में मौत की खलबली मचाती गुजर गईं गोलियां --- सैकड़ों गोलियों से छलनी हो गए न जाने कितने मासूम—
आह
मांऽऽऽ
ज़िंग
ज़िंग
ज़िंग
जान पर खेलने के लिए इधर से उधर दौड़ रहे थे कमाण्डोज़, लेकिन इस भयानक भगदड़ में किस ओर से वो दुश्मन पर गोलियां चलाएं?
उफ! हमलावार मंच की ओर बढ़ रहे हैं!
आर्थर साहब की जान खतरे में है!

नूनी अवस्था में गोलियां बरसाते हुए लोगों के ऊपर से गुजर
ए ये मोटरसाइकिल सवार—
किल दैम।
किल दैम।
इन्हें मंच की ओर बढ़ने से रोकना है।
मंच के निकट की सुरक्षा व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ा दीं उस तूफान ने
और उस वक्त न जाने कितनी गोलियां समा गईं ऑर्थर के जिस्म में- स्तब्ध अवस्था में कटे वृक्ष सा गिर पड़ा उनका जिस्म—
और अब तक संभल चुके कमाण्डोज की गनों से निकली आग न जाने कितने दुश्मनों को ठण्डा करती चली गई—
किल दैम। किल दैम।
ठ ठ ठ ठ

YOU BASTARD!
दोनों ओर से जम कर हुई आतिशबाजी—
पच्चीस मोटरसाइकिल सवारों सहित सैकड़ों निर्दोष के खून से रंग कर एक और जलियांवाला बाग बन गया था वो मैदान—
मौत का भयानक सन्नाटा खिंच गया था वहां।

और फिर इस दशक के सबसे बड़े हत्या-काण्ड के बाद चीख उठे विश्व-संचार के सभी माध्यम—
बी.बी.सी. न्यूज---पूर्व रक्षामंत्री मिस्टर रिचर्ड ऑर्थर की सरेआम हत्या! सभी पच्चीस हत्यारे मारे गये। सैकड़ों आहत। और दिल हिला देने वाला ये हत्याकाण्ड सिर्फ छ: मिनट के अन्दर। हत्यारे थे डैथ स्क्वैड के मेम्बर्स!
इस जघन्य हत्याकाण्ड के बाद पूरा विश्व स्तब्ध हो उठा था।
और विश्वआतंकवाद का दुश्मन नागराज!
जिसके कदम पड़ चुके थे शोकाकुल राष्ट्र की धरती पर—
डैथ स्क्वैड ने पूर्व रक्षामंत्री मिस्टर रिचर्ड ऑर्थर की हत्या क्यों की?
ऑर्थर साहब ने अपने मंत्रीकाल में पड़ोसी देश के आतंकवाद की समस्या के हल के लिए अपनी सेनाएं वहां भेजी थीं जिन्हें ऑर्थर साहब के बाद आई दूसरी सरकार ने वापस बुलवा लिया था...
...और इस बार फिर ऑर्थर साहब का रक्षामंत्री बनना लगभग तय था। उस देश के आतंकवादी नहीं चाहते थे कि ऑर्थर साहब दोबारा पदासीन हों और उन पर फिर कोई मुसीबत टूटे...
...जबकि रक्षामंत्री ऑर्थर साहब ने यह कदम पूर्व प्रेसीडेन्ट मिस्टर डिमैलो की इच्छा पर ही उठाया था।...
...नागराज। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि ये कत्लेआम उस आतंकवादी ग्रुप टाइगर के इशारे पर डैथ स्क्वैड ने किया है।
डैथ स्क्वैड के विषय में उसे बताते चले गये कमिश्नर—

जी नहीं! किसी शत्रुदेश ने आक्रमण नहीं किया है। यह है प्रचार का नया तरीका --

इस बार बड़ी जबरदस्त प्रतियोगिताएं कराने जा रहा है। W.W.C.

मुझे तो प्रचार से ही रोमांच होने लगा है।

नागराज क्यों पढ़ रहा था स विज्ञापन को?
W.W.F. फाइट के लिए तलाश नए लड़ाकों की। W.W.C. की प्रतियोगिता में खुला निमन्त्रण
प्रत्येक विजेता को $ 5,00,000 डॉलर
आयोजक शो-मेकर!
नागराज के अलावा उस रहस्यमय सुन्दरी की भी दिलचस्प निगाहें जमी हुई थी उस होर्डिंग पर —
बेहद खूनी और जबरदस्त होती हैं ये प्रतियोगिताएं।
शहर में जब भी होती हैं, मैं अवश्य देखता हूं।
??
पतले अधरों पर अर्थपूर्ण मुस्कान थी उसके —
तब तो ये खूनी प्रतियोगिताएं मुझे भी देखनी होंगी और मिलना पड़ेगा खूंखार लड़ाकों से।
हर का सबसे बड़ा बॉनबोर्न स्टेडियम आज खचाखच भर गया था —
WWF
किन W.W.C. की शानदार प्रतियोगिताएं यहां नहीं होनी थीं। यहां होना था 'LIVE TELECAST' विशाल स्क्रीनों पर —
ये W.W.C. ऐसी खतरनाक लड़ाईयां क्यों आयोजित करता है?
WWF की कुश्ती में बेहतरीन लड़ाके भेज कर अपनी धाक विश्व में जमाने के लिए।
आम आदमी शो-मेकर के शो के पीछे छुपे खूनी इरादों से अनजान था।

और अतिविशिष्ट गैलरी से होकर कन्ट्रोल रूम की ओर बढ़ रहा था शो मेकर —

लोथार! क्या पोजीशन है?

शो मेकर हमारे आद दर्शकों के बी फैल गए हैं।

TO PAVILLION

“शो” शुरू होते ही जबरदस्त जुआ शुरू कर दिया जायेगा।

गुड! और जुए में जमा हुए करोड़ों डालर हमारे शो की सफलता सिद्ध करेंगे।

और तभी—

ओह!

ओम्फ!

अपनी “छड़ी” को बाज की तरह दबोच कर आगे बढ़ती चली गई रहस्यमय सुन्दरी—

उफ! तो उसके पास इतना बड़ा हीरा? इस लड़की पर नज़र रखनी पड़ेगी।

लोथार! क्या हुआ? जल्दी आओ शो का समय हो रहा है।

शो- मेकर विश्व की फ्री स्टाइल कुश्ती का आयोजक, जिसे दर्शक बॉन बार्न स्टेडियम में लगी उस विशाल स्क्रीन पर देख रहे थे—

शो मेकर
शो मेकर

शान्त हो जाइये। शान्त हो जाइये।

दोस्तो! जिस शानदार मुकाबले की प्रतीक्षा थी आपको। अब तो कुछ ही देर बाद शुरू होने जा रहा है। कुछ ही देर में आप शो-मेकर को दुनिया के जबरदस्त लड़ाकों के साथ अपने रूबरू पायेंगे। •••
••• और आप में से ही चुनेंगे हम उस एक "हस्ती" को भी जिसके हाथों विजेताओं को प्रदान की जायेंगी ट्रॉफियां! और दिया जायेगा एक शानदार इनाम भी।
यह था स्टूडियो और कन्ट्रोलरूम जहां से सजीव प्रसारण की सम्पूर्ण व्यवस्था की गई थी—
WWF
CONTROL ROOM
प्रतियोगियों को बारी-बारी से प्रतियोगिता स्थल ब्लड ग्राउंड भेजने के लिए हम तैयार हैं। तो आइए देखते हैं इन जबर--दस्त मुकाबलों का सजीव प्रसारण।
प्रतियोगियों को जमीन के नीचे दूर कहीं ब्लड ग्राउंड में भेजने के लिए उन्हें सवार करा दिया गया स्पीड कार में—
दौड़ चली स्पीड कार उस सुरंग में—
और ब्लडग्राउंड में शुरू हो गई एक अनोखी व खूनी प्रतियोगिता बाइकर व धुरन्धर के बीच—
खटाक
उफ!

इधर बॉनबोर्न में शुरू हो गया जबरदस्त जुआ भी—

बाइकर की जीत एक के दस। एक के दस।

धुरन्धर जीतेगा।

बाइकर जीतेगा।

बाइकर ही जीता।

स्ट्रांगमैन और स्ट्राइकर की खूनी जंग ने हिला कर रख दिया दर्शकों को—

हा हा हा। स्ट्राइकर जब खेल के मैदान पर हो तो गोटियों को इधर-उधर छितराना ही पड़ता है।

धड़ाम

स्ट्राइकर बना विजेता—

ज्यूपिटर और स्केट्समैन की जंग और भी दिलचस्प थी—

स्केट्समैन से तेज नहीं होंगी ये गोलियां।

जीता स्केट्समैन—

इधर W.W.C. का एक कार्यकर्ता पहुंच चुका था उस रहस्यमय सुंदरी के निकट—

हैलो लकी मिस! आपको चुना जा रहा है W.W.C. के विजेताओं को ट्राफियां प्रदान करने के लिए।

मुझे?

बेखौफ उठ खड़ी हुई सुन्दरी।

और तब—

अरेरे। यह क्या कर रहे हो?

मुझे तुम्हारी वो अद्भुत हीरा जड़ी छड़ी चाहिए।

ीर उनकी मंशा समझते ही आक्रामक हो उठी सुन्दरी—
ओह! मुझे यहां लाकर तुमने अपने लिए मुसीबत बुला ली है प्यारे मानवो।
ओह,नो
उफ!
े छड़ी ाहिए तुम्हें? री मेरी भाषा ं 'हीरक' हते हैं।
रक को देखकर हीरे से भी ज्यादा मक उठी थीं लोथार की आंखें—
बेवकूफ! छूने की गुस्ताखी कर बैठा हीरक के आगे जड़े उस नायाब हीरे को—
लोमड़ी सी चमक आंखों में लिए मुस्कराई वो रहस्यमय सुन्दरी—
हीरक की ओर अपनी कुदृष्टी उठाने वाले मानवों का अंजाम यही होगा। हा हा हा!
धर आश्चर्य के सागर में आकंठ डूबा शो-मेकर देख रहा था उस कक्ष का भी सजीव प्रसारण—
CONTROL ROOM
उफ! क्या बला है यह? उस सुन्दरी को सम्मानजनक ढंग से यहां लेकर आओ। क्विक! मूव!
YES SIR!

राज कॉमिक्स
और यह वो क्षण था जबकि विजेता स्केट्स-मेन अपने "स्पॉट" से वापस लौट रहा था -
विजेताओं की जीत पर तालियों से स्टेडियम गुंजाते दर्शकों के लिए उसी समय प्रस्तुत हुआ एक अद्भुत दृश्य —
हा हा हा! स्केट्स मैन की जीत तो आरम्भ से ही निश्चित थी।
सांप रस्सी बनकर आ लिपटे थे स्केट्समैन की टांगों पर,
आह उफ
उधर संभलकर खड़ा हुआ स्केट्समैन तो हतप्रभ हो उठा वो भी —
न... नागराज!
हां। खेल की आड़ लेकर जो खूनी प्रतियोगिताएं यहां खेली जा रही हैं उसका उद्देश्य मैं अच्छी तरह से जान गया हूं।
बल्ड-ग्राउंड में सांप कहां से आ गए?
सांप?

नागराज सम्बोधित हुआ उस वीडियो कैमरे से–
मेकर मैं तेरी असलियत जान गया हूं और अब मैं तुझे तेरे उद्देश्य में सफल नहीं होने दूंगा।
और इसके बाद एक और खूनी जंग आरम्भ करने को बिजली की सी तेजी के साथ आगे बढ़ा स्केट्समैन –
ठोकर ने फेंका नागराज
उफ! मेरी जरा सी असावधानी के कारण ये मुझ पर प्रहार करने में सफल रहा।
तीव्र गति के साथ स्केट्समैन पुनः नागराज पर झपटा, किंतु इस बार नागराज चूका नहीं –
तेरी तेजी को भांप लिया है अब नागराज ने।
खोपड़ी भी पत्थर सी मजबूत है इसकी।
तड़ाक
amaan.cooldude18

रॉकेट की तरह उड़ा स्केट्समैन—
नागराज! तेरी मौत मेरे हाथों ही होगी।
झउउय्यूउउम
लोहे की जाली उखाड़ कर उसी समय नागराज ने स्केट्समैन के सामने अड़ा दी—
तड़ाक
नागराज के स्नेक स्टाइल के
प्रहार को न सह सकी उसकी
और न जाने कितनी पसलियां
उठी थीं स्केट्समैन की—
कड़ाक
अंह
आगे बढ़ा नागराज! और—
...उसकी धज्जियां इसी प्रकार उड़ा देगा नागराज।
शो-मेकर! दुनिया भर से आमंत्रित किए गए खूंखार हत्यारों के साथ डैथ स्क्वैड की जो टीम तू बनाना चाहता था...
ग्राउंड में तबाही मचाने को
नागराज।

नागराज और कांजा
और उसका रास्ता रोक लिया बाइकर ने —
खटाक
तेरी बदकिस्मती है कि तू बाइकर के सामने पड़ गया ... उसके हाथों मरने को। हा हा हा।
उठ भी न पाया था नागराज ...
कि हवा के झोंके के समान पलट कर वापस आया बाइकर —
नागराज सर्प के समान सरसरा- मोटरसाइकिल के पहिये की हद से बाहर हो गया —
उफ
ब्लड ग्राउंड में गूंज रहा था बाइकर की मोटरसाइकिल का तेज शोर और तैयार था इस बार नागराज —
ज्यादा तेजी अच्छी नहीं होती बाइकर!
नागराज ने खाली ड्रम को बाइकर पर उछाल फेंका। नागराज के फेंके ड्रम से तो बच गया बाइकर —

लेकिन आगे तेल की सड़क पर न जम सके बाइकर की बाइक के पांव वाली पहिये, और—
आ..ह
बेचारा बाइकर! मुझे मारने का ख्वाब देखता हुआ बुरी मौत मरा।
इधर वह सूचना पाकर शोमेकर के चेहरे पर भूचाल के से लक्षण प्रकट हो रहे थे।
शो-मेकर! नागराज की दो सफलताओं के बाद नागराज की जीत पर जम कर जुआ लगा हुआ है।
अगर इस बार किसी प्रकार नागराज हार जाए तो करोड़ों डॉलर हमारी झोली में आ सकते हैं।
उफ! नागराज!
और उस रहस्य पर टिक गईं शो मेकर की निगाहें—
??

बड़बड़ा उठा शो-मेकर
अगर ये तैयार हो जाए तो नागराज की पराजय निश्चित है।
मगर ये तैयार होगी भी या नहीं।
उधर स्ट्राइकर बढ़ रहा था अब नागराज की ओर—
THUD
धरती पर तेजी से फिसली आ रही थी स्ट्राइकर की बाइक।
स्ट्राइकर की स्की-बाइक पर लगे तीक्ष्ण-ब्लेड से छू जाने का अर्थ नागराज भली-भांति जानता था—
उफ! आ पहुंचा है एक और हत्यारा।
••• इनका खात्मा मैं अवश्य करूंगा। उफ!
हा हा हा! नागराज स्ट्राइकर के हाथों ही मरेगा तू।

जबरदस्त फुर्ती के साथ उठ कर खड़ा हुआ नागराज, किंतु इसका क्या करें जबकि स्ट्राइकर तीव्र गति के साथ उसके सिर पर आ पहुंचे —
हा! हा! हा
आह!
स्ट्राइकर की स्की-बाइक से छूट पड़े वे बारूदी तीर —
गहरे जख्म से तड़प उठा नागराज —
SUCTION LINE
बारूदी तीरों से बचने को उछला नागराज --
प्रलयंकारी अट्टहास लगा उठा स्ट्राइकर —
आहा हा हा। नागराज का हत्यारा बनने का गौरव मिलेगा स्ट्राइकर को। हा हा हा
और अगले पल --
स्ट्राइकर! तुझे रोकने के लिए सक्शन लाइन से गुजरती इस कूलिंग प्लांट की क्लोरोफ्लोरो कार्बन गैस मेरे लिए काफी है।
SUCTION LINE

ओह नो!
गैस की जबरदस्त ठंडक से स्ट्राइकर के हाथ स्कीबाइक के हैण्डिल से ही जुड़ गए। बर्फ का टीला सा नजर आने लगा स्ट्राइकर —
घबरा मत स्ट्राइकर! अभी बहुत गैस बाकी है।
आह
सजीव प्रसारण देखता खूनी स्वर में बड़बड़ा उठा शोमेकर —
नागराज! मौत अब तुझसे ज्यादा दूर नहीं है।
इधर पाइप की सारी गैस खत्म होने के बाद ही नागराज ने छोड़ा उस पाइप को —
हत्यारे की रगों में दौड़ता लहू तक जम गया होगा।
इसी पल चौंक पड़ी नागराज की आंखें-
?!

स्ट्राइकर सहित गायब हो गया बर्फ का टीला और पीछे नजर आई सुन्दर बला—
नागराज! मुझे कांजा कहते हैं।
इसने स्ट्राइकर को कैसे गायब कर दिया? मुझे इससे सावधान रहना होगा।
रुक जा लड़की! इसे हाथ मत लगा। ये मेरा शिकार है।
कांजा झुक कर बच गई उसके वार से—
?!
कांजा को बदतमीजी पसन्द नहीं बच्चे!
?
इधर फैंसिंग के हाथ में थमा तार जा लिपटा उस पाइप पर—

अगले पल कांज़ा ने हाथ में थमा हीरक छुआ दिया फेंसिंग से —
हा हा हा! गुस्ताखी का यही दण्ड देती है कांजा।
चौंक उठा नागराज कांजा की शक्ति देख कर —
ओह! स्ट्राइकर को भी इसने इसी यंत्र की मदद से गायब किया है।
तुरन्त ही कांजा उसकी ओर पलटी और इस बार उसके हाथों में थी तलवार —
नागराज तुझे गायब नहीं करना तुझे हराना है जिससे शौ- मेकर जुआ जीत सके।
हा हा हा
नागराज ने न सिर्फ फुर्ती के साथ वार को ही खुद से छू जाने से बचाया, ल्कि कांजा को भी जड़ी वो प्यारी सी ोकर —
नागराज ऐसे ही हार जाने वाली चीज़ नहीं है मिस कांजा!
इसी एक पल में समझ गई कांजा कि नाग-राज से मुकाबला आसान नहीं —
नागराज! अब देखूंगी कि तुझमें बचने की फुर्ती ज्यादा है या मेरी निन्जा में काटने की।

नागराज की कलाई से छूटे सर्पों को गाजर-मूली के समान काटती चली गई कांजा—
हा हा हा हा! इन बेजुबान प्राणियों को काटने क्यों भेजता है नागराज! खुद सामने आ, खुद।
ओह! क्या फुर्ती है। तलवार चलाने में माहिर है ये।
निन्जा से बिजलियां सी गिराती टूट पड़ी थी कांजा नागराज पर। और नागराज को पसीने छूट गए वार बचाते-बचाते।
फिर जमीन से टकराए नागराज के कदम। और इसी पल खतरे का एहसास हो गया उसे—
यह क्या? मेरा एक पांव किसी शिकंजे में फंस गया है।
दिवार से निकल आए एक शिकंजे ने कस लिया नागराज का एक पैर।
सर्परस्सी पर उछला चला गया नागराज—
उफ! एक क्षण भी निन्जा से निगाह हटने का मतलब होगा मेरे किसी अंग का कट कर अलग हो जाना।
आगे बढ़ती कांजा सहसा ही ठिठक कर रुक गई और उसके पतले अधरों पर आ गई वह मुस्कान—
हा हा हा! नागराज! अब मैं इत्मिनान से तुम्हारे दो टुकड़े कर सकूंगी।
चेहरे पर मुस्कान लिए सधे हुए कदमों के साथ आगे बढ़ी कांजा—
नागराज! तेरी जिन्दगी और मौत के बीच मेरे कुछ ही कदमों का फासला रह गया है।
अब इसकी हाथों से इसकी तलवार निकालनी होगी।

सर्प सैनिक उसकी तलवार ले उड़े और फुर्ती से कांजा ने हीरक निकाल ली—
नागराज! मैंने अपना इरादा बदल दिया है।
हीरक को भी झपटने के लिये आते सर्पों को फुर्ती से हीरक छुआकर गायब करती चली गई कांजा—
कांजा! तुझ पर मैं विषफुंकार का प्रयोग नहीं करना चाहता था। किंतु तूने मुझे इसके प्रयोग के लिए विवश कर दिया है।
हा हा हा! अब मैं तुझे भी तेरे सर्प सैनिकों के समान ही गायब कर दूंगी।
तेरी विषफुंकार भी मुझे न छू पायेगी नागराज।
विषफुंकार से बचकर नागराज के ठीक पीछे आ पहुंची कांजा—
इसी पल हीरक को नागराज के कंधे से छुआ दिया उसने—
भक्क
गायब हो गया नागराज का सम्पूर्ण अस्तित्व—
विचित्र ढंग से मुस्करा उठी कांजा!
नागराज! शोमेकर की निगाहों में तुम मारे जा चुके हो। यह रहस्य अब केवल कांजा जानती है कि तुम जिन्दा हो। हा हा हा हा!
रहस्य से गोल हो रही थीं कांजा की आंखें—
amaan.cooldude18

इधर नागराज और उस खूबसूरत बला की जंग का सजीव प्रसारण देखते शो-मेकर की आंखें भयानक अंदाज में चमकने लगी थीं—

मैं जानता था। मैं जानता था कि कांजा के पास जो शक्ति है उससे नहीं निबट पायेगा नागराज। हा हा हा! खत्म हो गया आतंकवाद के सिर पर से नागराज का आतंक।

शोमेकर! अपने मिशन की सफलता के लिए मैं तेरे मिशन को कामयाब बनाने की चेष्टा भी कर सकती हूं।
यह कह कर तुमने मेरे दिल से एक बोझ हटा दिया है कांजा।
मुझे तुम अपने साथ और अपना मित्र ही समझो शोमेकर!
फिर शीघ्र ही उस शानदार कक्ष में —
कांजा! अब मैं तुम्हें बताता हूं अपने उस मिशन के बारे में।
न जाने क्या किया शोमेकर ने •••
••• कि दीवार के एक हिस्से के सरकने के बाद वहां नजर आने लगी एक 16 MM. की स्क्रीन, और--
कांजा! इन्हें पहचान लो। ये हैं हमारे देश के सर्वोच्च पद प्राप्त भूतपूर्व प्रेसीडेन्ट डिमैलो। मगर इन चुनावों के बाद इनका दोबारा राष्ट्रपति बनना तय है।
ओह!
और यही हमारा मिशन है। यानि हमें दो दिन पश्चात् सायं ठीक पांच बजकर पैंतीस मिनट पर इनको कत्ल करना है।
और यह काम तुम्हें करना है। तुम भीड़ में रास्ता बनाती हुई मिस्टर डिमैलो के निकट पहुंचोगी और उन्हें गायब कर दोगी।
•••ठीक इसी क्षण डैथ-स्क्वैड वहां धावा बोलकर सिक्यूरिटी का ध्यान भंग कर देगा और उस भगदड़ का लाभ उठाकर तुम आसानी से वहां से निकल सकती हो।

••• जहां क्रोध, अत्याचार, अराजकता, हिंसा और अपराध तक का नाम भी नहीं जानते वहां के लोग—

इस ग्रह पर कभी रात नहीं होती, क्योंकि हवा में तैरते प्रकाश पिंडों से जगमगाती रहती है मून ग्रह की धरती।

और ऐसे में जब ग्रह की धरती पर आ पहुंचे स्ट्राइकर भी—

ओह! यह कहां आ पहुंचा मैं! मेरे आस-पास जमी बर्फ भी पिघल चुकी है। और कहां है नागराज?

पृथ्वी का एक और शैतान मौजूद था ग्रह के दूसरे हिस्से में—

उफ! कांजा के हाथों गायब होकर यह मैं कहां आ पहुंचा?

मैं जिन्दा हूं या मुर्दा?

फेंसिंग भी! उफ! उन सब शैतानों को यहां भेजकर क्या चाहती थी कांजा—

और पांचों शैतान आ मिले उस स्थान पर—

स्ट्राइकर और लोथार भी यहां हैं।

फेंसिंग और स्टाइकर भी। ओह!

लोथार और फेंसिंग यहां क्या कर रहे हैं?

इकट्ठे हो गए पांचों जालिम—

हम कहां आ पहुंचे हैं लोथार?

दूर शायद कोई नगर है। हमें उधर चलना चाहिए।

खुद
न में हूं चलो
हुआ, हम
भले पांच
हुए।

उधर नगर में मची हुई थी खलबली—

आह! मेरे हाथों को क्या हो रहा है?

उफ! दम क्यों घुट रहा है मेरा! आह!
ग्रह का वातावरण अद्‌भुत ढंग से गरम होता जा रहा है। क्वीन सोंजा!
ओह!
मेरे पूरे शरीर पर भयानक जलन हो रही है! आह!
एकाएक ही बेहद गम्भीर होता चला गया क्वीन सोंजा का चेहरा—
सनसनी मचा दी उस ग्रहवासी ने वहां पहुंच कर—
??
क्वीन सोंजा! मून ग्रह की ओज़ोन परत में छिद्र हुआ पड़ा है और वायुमंडल से प्रदूषण विकिरण व विषैली गैसें उस
क्या?
उफ! क्वीन-सोंजा! ग्रह में प्र कर रही उस दूषित वायु के साथ-साथ ग्रह के नागरिकों पर भी संकट बढ़ता जा रहा है।

क्वीन सोंजा के नेतृत्व में चल पड़ा वो दस्ता उस छिद्र को बन्द करने के लिए—

मून-ग्रह की वह जेल, जिसमें आज तक केवल एक ही अपराधी रहा था, अब खाली थी—

कांजा कैद से फरार हो चुकी है। उफ! हीरक को भी वही ले गई है।

क्वीन सोंजा के नेतृत्त्व में चल पड़ा वो दस्ता उस छिद्र को बन्द करने के लिए—

ग्रह के बाहरी आवरण में छिद्र होने की बात जंगल में आग की तरह फैली थी—
कांजा ने फरार होने के लिये ओजोन परत में छिद्र कर दिया है और इस ग्रह के आसपास वातावरण इतना अधिक प्रदूषित है कि प्रदूषण के हमारे वातावरण में प्रवेश के साथ ही हमारे जिस्म पर फफोले पड़ने शुरु हो गए हैं।
किंतु अब क्वीन सोंजा जा रही हैं उस छिद्र को बन्द करने।
उधर नगर में प्रवेश कर चुके पांचों शैतानों की आंखों में उस वक्त शैतानियत नजर आने लगी, जब —
कैसे बड़े-बड़े चमकदार व आलीशान हीरों से लदी हैं यहां की स्त्रियां।
उफ!
आह!
करोड़ों में होगी इनकी कीमत।
??
अरबों भी हो सकती है।
लेकिन ये हमें क्या हो रहा है? हमारे जिस्म में जलन क्यों मच रही है?
गोली मारो तड़पने को। और लूट लो जितने चाहे हीरे।
द्रुत वेग से आगे बढ़ी स्ट्राइकर की अनोखी स्की-बाइक, जो कैसी भी जमीन पर फर्राटे के समान दौड़ सकती थी—
हा हा हा। लाखों डॉलर तो अब पता नहीं मिलेंगे या नहीं, पर ये करोड़ों का माल हाथ से नहीं जाने दूंगा मैं।

इतना माल जिस्म पर लेकर चलेगी तो किसी शरीफ आदमी का इमान भी डोल उठेगा। और मैं तो स्ट्राइकर हूं। जुर्म का दरिन्दा। हा हा हा।
आह!
हिम्मत करके उठ बैठा वो नागरिक—
क... कौन हो तुम... तुम इस ग्रह के नागरिक नहीं हो।
तीव्र गति के साथ घूमा लोथार का वो डंडा, जिससे छूटी आग से चीख पड़ा मून ग्रह का वो नागरिक—
मेरे काम में बाधा खड़ी करता है। जानता नहीं मैं पृथ्वी से आया हूं।
पर झपट पड़ा था
कैंतु फेंसिंग का
ला क्या खा कर
दूर हट
आदमी। अभी
से हीरे इकट्ठे
हैं मुझे।
नहीं! उफ!
नहीं!
नगर का सबसे अधिक प्रदूषित हो चुका हिस्सा था ये—
हा हा हा! हीरों की खान में आ पहुंचे हैं हम!
लोथार! मुझसे इन बेचारों की तड़प देखी नहीं जा रही!
स्की-बाइक से छूट पड़े मौत के शोले—
बैंग
बैंग
बैंग
उफ!
आह!

शैतानो! क्वीन सोंजा ग्रह के उस छिद्र को बन्द करने जा रही हैं जिससे तुम भीतर प्रवेश तो कर आए हो। किंतु अब जीवित बाहर नहीं निकल पाओगे। क्योंकि उस छिद्र के बन्द होते ही तुम हमेशा के लिए यहां कैद होकर रह जाओगे। आह!

तीनों के जिस्मों की रग-रग से शैतानियत फूटने लगी यह सुनकर—

वह छिद्र भरने से रोकना होगा क्वीन सोंजा को, क्यों कि अगर वह छिद्र भर गया तो हम यहां से बाहर नहीं निकल पायेंगे और इतनी विशाल दौलत हमारा कफन बन जायेगी।

इधर जैसे-जैसे आगे बढ़ रही थी क्वीन सोंजा—

क... क्वीन सोंजा! जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं प्रदूषण मापक यंत्र पर प्रदूषण की मात्रा बढ़ती जा रही है।

नगर का दृश्य देखकर दहशत उभर आई क्वीन सोंजा की आंखों में—

उफ! सेना कमाण्डर बकलर! अपने वाहन की गति बढ़ाओ। अगर इनमें से एक को भी कुछ हो गया तो मैं खुद को कभी माफ नहीं कर पाऊंगी।

यह वाहन की अधिकतम गति है क्वीन सोंजा।

किंतु तभी उन्हें रुक जाना पड़ा क्योंकि सामने ही दीवार बनकर खड़े थे वो तीनों शैतान—

तो तुम हो क्वीन सोंजा।

तुम्हें इसके सिर पर सूर्य के समान चमचमाता ताज और गले में वो खूबसूरत हीरों जड़ा जड़ाऊ हार दिखाई दे रहा है लोथार?

??

जों की उस हरकत से क्रुध्द हो उठी थी क्वीन सोंजा—
कौन हो तुम?
फेंसिंग की गन से छूटे शोलों ने वहां भगदड़ मचा दी—
जिंग जिंग जिंग
हा हा हा हा हा
उफ!
ओह!
उफ!
वरूअईईई
र लोथार व जॉन-जॉनी भी खड़े न रहे थे—
आह! नहीं!
आंखों से शोले बरसाते हुए चीख कर आदेश दिया क्वीन सोंजा ने—
सेना कमाण्डर बकलर! सोंजा की धरती पर भयानक अपराध किया है इन्होंने। इन्हें केवल मृत्यु दण्ड देगी सोंजा। खत्म कर दो इन्हें।

उस विशेष वाहन पर सवार बाहर निकला सेना कमान्डर बकलर और—
बकलर! इसे जीवित नहीं छोड़ेगा क्वीन सोंजा!
और उछल पड़ा लोथार—
तुम्हारी वजह से मूलग्रह पर तबाही बढ़ सकती है शैतान! तुम्हें शीघ्र ही समाप्त करना हो

आगे बढ़े तलवारबाज और दूसरे ही क्षण आतंक फैला दिया स्ट्राइकर ने—
तलवारों की शक्ति से मुकाबला करोगे गोली-बारूद का। हा हा हा।

स्की-बाइक से छूट पड़े मौत के शोले—
बैंग बैंग बैंग

खून से रंग रही थी वो धरती! जहां किसी ने कभी अपराध के विषय में सोचा तक न था—
मेरे साथी पर वार करने का परिणाम भयानक होगा बच्चे।
टुकड़े-टुकड़े हो गया बकलर के चेहरे पर लगा प्रदूषण मास्क—

अगले ही पल उसके कंठ से चीखें उबल पड़ीं—

आ ऽऽ आह उफ!

सेना कमांडर उफ! नहीं।

पूरी शक्ति के साथ शत्रु का सिर काट लाने को क्वीन सोंजा की तलवार घूमी, किंतु—

हा हा हा! वह छिद्र अब तू कभी बन्द न कर पायेगी क्वीन सोंजा! क्योंकि अभी हमें यहां से बाहर जाना है।

ठाक

फर्रर्र

आह

ग्नि की भीषण लपटों
े झुलस गया क्वीन
का मास्क—

तड़फ उठी क्वीन सोंजा—

हा हा हा! स्ट्राइकर! ये लोग यहाँ बढ़ रहे प्रदूषण को सह नहीं पा रहे हैं।

आह!

क्वीन सोंजा, अगर तुम अपनी और अपने ग्रहवासियों की प्राण रक्षा करना चाहती हो तो पहले हमें यहां से पृथ्वी पर भेजने का रास्ता दिखाओ।

तब रास्ता हम स्वयं ढूंढ लेंगे! किंतु तुझे भी जिन्दा नहीं छोड़ेंगे। हा हा हा!
अगर मेरे अंत के बाद तुम्हें तुम्हारी धरती मिल सके तो मैं मरने को तैयार हूं।
और इसी पल हैरान हो उठा फेंसिंग—
स... सांप! इस ग्रह पर भी होते हैं सांप? उफ!
मैं चाहता तो मेरे सर्प सैनिक तुझसे तेरे प्राण भी छीन कर ले जाते फेंसिंग!
तुम?
नागराज!
तुम अपनी हरकतों से यहां भी बाज नहीं आए तो मुझे ये हरकत करनी ही पड़ी।
ओह! तो ये तुम्हारी हरकत है!
आह!
क्वीन सोंज़ा! मेरा नाम नागराज है। तुम्हारी धरती पर अब और अधिक तबाही व बर्बादी मैं इन्हें नहीं फैलाने दूंगा।
न... नागराज
नागराज ने एक मृत सैनिक का मास्क सौंप दिया क्वीन को—

ठहरो! ये मेरा शिकार है स्ट्राइकर! नागराज! उस वक्त तो तू बच गया था मेरे हाथों मरने से। पर अब तो तू मरा ही मरा।
किन फेंसिंग भूल रहा था के सामना नागराज से है—
अरे! मेरी गन कहां ले जा रहे हो?
रॉकेटों की शक्ति के बल पर तेजी के साथ उड़ा फेंसिंग और—
ओह!
नागराज! गोलियों से तो तू एक आसान मौत मर जाता, पर अब फेंसिंग तुझे तड़पा-तड़पा कर मारेगा।
नागराज को जकड़ने को आगे बढ़ा वो कंटीला तार, जिसे नागराज ने तेजी के साथ थाम लिया—
उफ!
इसी क्षण फेंसिंग बेहद तेज गति के साथ ऊपर उठता चला गया—
हा हा हा! नागराज यह तूने क्या किया?

हा हा हा। फैंसिंग उसे समाप्त करके ही लौटेगा।
नागराज के साथ बेहद ऊंचाई पर आ पहुंचा था फैंसिंग —
ज़रा सोच! नागराज कि अब इतनी ऊंचाई से गिर कर तेरी हड्डियों का क्या हाल होगा? हा हा हा।
आह! इस कंटीली तार के कांटे मेरे हाथों में धंसे हुए हैं और अब ये तार को झटके देकर मुझे गिराने का प्रयास कर रहा है।
इसके बदन पर कोई ऐसा स्थान ढूंढता हूं जो सर्प सैनिकों के प्रयोग के बाद इसकी हार और मेरी जीत निश्चित कर सके।
नागराज के चेहरे पर भरपूर ठोकरें जड़ रहा था फैंसिंग —
हा हा
उसकी ठोकर को पकड़ने का प्रयास किया नागराज ने किंतु —
आह
इस प्रयास में हाथ लहूलुहान हो उठे उसके —

और तब नागराज ने किया वह निश्चय—

अगर इसकी पीठ पर बंधे रॉकेटों की शक्ति इससे छीन ली जाए तो मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि कितनी भयानक मौत होगी इसकी।

करामात दिखा गए नागराज के सांप—

थर्रा उठा फेंसिंग—

नहीं

फेंसिंग! कभी-कभी अधिक समझदारी भी सेहत के लिए हानिकारक होती है।

नागराज झूल गया अपनी सर्परस्सी पर—

"धम्म" से नीचे आ गिरी फेंसिंग की लाश, और—

नागराज! तुझसे मेरी जंग अधूरी ही छूट गई थी जिसे मैं अब पूरी करूंगा।

स्ट्राइकर! नागराज के इस धरती पर मौजूद रहते हम अपने उद्देश्य में कभी सफल नहीं हो सकते। उसे समाप्त करना आवश्यक है।

स्ट्राइकर! शैतान! फेंसिंग के अंत के बाद अब तेरी बारी है।
उधर नागराज के पांवों ने अभी धरती छुई ही थी कि आ पहुंचा शैतान स्ट्राइकर—
नागराज! कैसी तबियत है तेरी? हा हा हा हा!
स्ट्राइकर अकेला नहीं है नागराज! लोथार भी उपस्थित है।
लड़खड़ाती आ पहुंची क्वीन सोंज़ा भी—
शपथ ली है मैंने कि मूल ग्रह पर अपराध को कभी जन्म लेने नहीं दूंगी।
तुम्हारी शपथ टूटने न पायेगी क्वीन सोंजा!
स्ट्राइकर की बाइक से छूटा वह बम क्वीन सोंजा के चिथड़े उड़ा देता, अगर नागराज को एक क्षण की भी देरी हो जाती तो—
बचो राजकुमारी सोंजा!
स्ट्राइकर की ओर झपट पड़ी सर्परस्सी—
उफ! इसे क्या हुआ? बाइक आगे क्यों नहीं बढ़ रही?
झीं
सांय

इन्सान को जिन्दा रहने के लिए भोजन की और मशीन को चलाने के लिए ईंधन की आवश्यकता होती है स्ट्राइकर!
लोथार का रास्ता रोक लिया था सोंजा ने—
तुम जैसे शैतानों के लिए सोंजा के पास केवल मौत की सजा ही है।
हा हा हा! मौत केवल ताकतवर की गुलाम होती है सोंजा!
नागराज की उस ठोकर से स्ट्राइकर के मास्क की चिंदिया उड़ गई
स्ट्राइकर ने अपने स्टील पंजों का वार नागराज पर किया—
नागराज! तेरे जिस्म से मांस नोंच दूंगा मैं।
जबरदस्त ढंग से उछाल फेंका नागराज ने उसे—
धड़ाक
आह!

कई सांपों से जकड़ दिया नागराज ने उसे—
फिस्स
आह ऽऽह नहीं!
फुस्स

नागराज के उस भरपूर झटके के साथ चीख पड़ा स्ट्राइकर। और दो टुकड़ों में कट गया उसका जिस्म—

दूसरों के लिए गड्ढा खोदने वाले भी कभी-कभी उसी गड्ढे में गिर जाते हैं।

इधर सोंजा के जबरदस्त आक्रमण का मुकाबला न कर पाया लोथार, और—
उफ! आह!
लोथार के खून से नहा गई सोंजा।

नागराज! तुझे मारने में असफल रहे वो खूंखार हत्यारे, जिन्हें तेरी ही मौत के लिए डैथ स्क्वैड के रूप में चुना जा रहा था, क्यों कि मंत्री आर्थर की हत्या के बाद...

प्रेसिडेंट डिमैलो की हत्या में तू बाधा बन सकता था। लेकिन आज तू असफल हो जायेगा प्रेसिडेन्ट डिमैलो को बचाने में नागराज, क्योंकि आज पांच बजकर पचपन मिनट पर वह अवश्य मारा जायेगा।हा हा हा ...और ये...तेरी...हार होगी आह!
??
सी के साथ आंखें खुली की खुली रह गई लोथार की। मर चुका था वो।
सोंजा दौड़ी नागराज की ओर—
नागराज! ग्रह पर फैले प्रदूषण के प्रभाव से तुम्हारे जिस्म पर भी जबरदस्त जलन हो रही होगी।
फर्ज की राह पर चलने के लिए बड़ी से बड़ी जलन बर्दाश्त करने की ताकत आ ही जाती है।
नागराज! तुम फरिश्ते बनकर न आते तो जाने क्या होता मून ग्रह का।
क्वीन सोंजा! मैं मूनग्रह पर खुद नहीं आया, बल्कि भेजा गया हूं। और मुझे यहां भेजने वाली है कांजा।
कांजा? ओह!
कांजा ही एक अकेली नागरिक है, जिसे मून ग्रह पर बनाए गए मेरे कानून पसन्द नहीं आए।
क्या आप उसे जानती हैं सोंजा?
नागराज! उसकी नस-नस से वाकिफ हूं मैं।

मून ग्रह के सीधे-सादे लोगों को सताकर उसे अद्भुत आनन्द मिलता था—

हा हा हा! तुम्हारे सुन्दर बाल तुम्हारी घोड़ी के पूंछ पर ज्यादा अच्छे लग रहे हैं।

मूनग्रह पर किसी वस्तु की सुरक्षा के लिए पहरेदारी नहीं की जाती। एक दिन इस बात का लाभ उठाकर वह शैतान हीरक तक जा पहुंची—

अब मैं इस ग्रह पर नहीं रहूंगी, लेकिन जाने से पहले हीरक को अपने साथ ले जाऊंगी।

ठीक समय पर जा दबोचा मैंने उसे—

कांजा! मूनग्रह के कानूनानुसार तुझे इस अपराध की चेष्टा का कड़ा दण्ड दूंगी मैं।

किंतु इतनी आसानी से हार मानने वालों में से वो नहीं थी—

क्वीन सोंजा! मून ग्रह की शांति को छिन्न-भिन्न कर देगी अब कांजा। हा हा हा।

किंतु मैंने एक न चलने दी उसकी—

हाथ रोक ले कांजा! वरना अंजाम भयानक होगा।

प्रथम बार कोई कैदी लाया गया था उस जेल में—
तुम्हारी सजा यही है कि तुम आजीवन इस काल कोठरी में पड़ी रहो।
ओह!
खतरनाक भाव थे उस समय उसकी आंखों में—
मुझे इस कैद में ज्यादा दिनों तक नहीं रख सकेगी तू, क्वीन सोंजा!
और एक दिन अवसर पाकर वह हीरक को प्राप्त करने में सफल हो गई, और हीरक की मदद से ग्रह की ओजोन परत में छिद्र करके वहां से भाग निकली—
जिससे भीतर आए प्रदूषण के कारण यहां के नागरिकों की जान पर आ बनी है नागराज—
क्वीन सोंजा ने अपनी बात समाप्त की—
नागराज! इस प्रकार कांजा उस यंत्र सहित पृथ्वी पर चली गई और मुझ से बदला लेने के लिए उसने बुरे लोगों को पृथ्वी से कूनग्रह पर भेजना शुरू कर दिया है। ताकि वो यहां की शांति को भंग करके मेरे बनाए कानूनों का मजाक उड़ा सकें।
किंतु क्वीन सोंजा, पहले तुम मुझे यह बताओ कि उस छिद्र को कैसे भरा जा सकता है? ताकि यहां की वायु को शीघ्र ही प्रदूषण मुक्त करके इन निर्दोष लोगों के प्राण बचाए जा सकें।
नागराज! मेरे साथ आओ।

नागराज के साथ उस स्थान पर आ पहुंची क्वीन सोंजा —
नागराज! हीरक की शक्ति से यह छिद्र शीघ्र भर जायेगा।
दूसरा हीरक दिखाई पड़ने लगा क्वीन सोंजा के हाथ में।
किंतु इस छिद्र को भरने से पूर्व ही तुम्हें यहां से पृथ्वी पर भेजना होगा, अन्यथा तुम वहां कभी न पहुंच पाओगे। और तुम्हें पृथ्वी पर भेजने के लिए मैं यह यंत्र तुमसे छुआ रही हूं।
क्वीन सोंजा! मैं वायदा करता हूं। कांजा के पास अब हीरक शक्ति नहीं रहने दूंगा।
हीरक के स्पर्शमात्र से गायब हो गया नागराज—
अलविदा नागराज!
अलविदा सोंजा!
और अगले ही पल हीरक से छूट पड़ी वो विचित्र सुनहरी किरणें जो भरती चली गईं उस छिद्र को—
मून लोगों को सुरक्षित पाकर तब बेहद राहत की सांस भरी थी क्वीन सोंजा ने —
आहा! मैं ठीक हो गया।
नागराज! मूनग्रह को तबाह होने से बचा लिया तुमने।
मेरे हाथ के फफोले स्वतः ही ठीक हो रहे हैं।

और उधर पूर्व प्रेसीडेन्ट मिस्टर डिमैलो अपने भाषण के लिए बढ़ रहे थे मंच की ओर—
बस अब कुछ ही क्षण रह गए हैं मुझे हीरक को बाहर निकाल कर पूर्व प्रेसीडेन्ट डिमैलो से छू आने में।

गजब की फुर्ती के साथ बाहर आया हीरक—
??
??
किसी अनहोनी की आशंका से स्तब्ध हो उठे थे सभी लोग—

और इसी पल कांजा की कलाई को थाम लिया उस सशक्त हाथ ने—
??
कांजा! नागराज तुझे हीरक शक्ति का और गलत प्रयोग नहीं करने देगा।
नागराज! तुम वापस कैसे पहुंचे?
नागराज!
पकड़ लो इस लड़की को?

जा ने बड़ी फुर्ती के साथ नागराज के पेट में जड़ी वो टक्कर—
उफ!
ठक

चीते की तरह जम्प लगाकर भागी कोजा—
उफ! डैथ स्क्वैड अभी तक क्यों नहीं पहुंची? शोमेकर ने मेरे साथ धोखा किया है।
कोजा! तुझे भागने नहीं देगा नागराज, क्योंकि जो शक्ति तेरे पास है, तू उसका गलत प्रयोग कर सकती है।
कोजा का रास्ता रोक बैठे दो कमाण्डोज—
रुक जाओ। वरना मारी जाओगी।
पलक झपकते ही आस-पास लगे कई पण्डाल श्रोताओं से खाली होते चले गये।
और इधर बिजली की सी तेजी के साथ हीरक को घुमाया उसने, लेकिन—
बचो
ये अग
तुमसे छू ग
तो तुम अंत
की अनन्त
गहराइय
खो जा

कांजा! क्वीन सोंजा को मैंने वचन दिया है कि तुम्हारे पास अब हीरक शक्ति नहीं रहने दूंगा।
ओह! तो क्वीन सोंजा की मदद से तुम यहां आ पहुंचे। पर नागराज! मैं तुम्हें अब हीरक द्वारा अंतरिक्ष में भेज दूंगी। हाहाहा।
उसी पल नागराज ने गिरा दिया वो तम्बू —
अब तू हीरक शक्ति का इस्तेमाल मुझ पर नहीं कर पायेगी शैतान कांजा!
सांप की तरह सरसराकर निकल गया नागराज उस तम्बू के बीच में से—
नागराज के पीछे-पीछे ही सरसरा कर निकला नागानन्द—
शाबाश नागानन्द! मैं जानता था कि तुम हीरक को उस दुष्टा से छीन लाओगे।
इसी पल कई गनें उठ गईं कांजा की ओर। चीख पड़ा नागराज—
नहीं। कोई गोली न चलाए। उसे जिन्दा पकड़ना होगा, वरना शोमेकर उर्फ किंग ऑफ डैथ स्क्वैड कभी हमारे हाथ न लग सकेगा।

नागराज ने उछाल फेंका तब्बू-

कांजा! अब मैं तेरी आंखों के सामने ही हीरक को नष्ट कर दूंगा।

नहीं। उसे नष्ट मत करना नागराज।

हीरक को जमीन पर दे मारा नागराज ने-

क्वीन सोंजा को दिया अपना वचन पूरा कर दिया मैंने।

तड़ाक

नागराज पर वार करने के लिए उठी उस नाजुक कलाई को पकड़ कर पीठ की ओर उमेठ दिया नागराज ने-

कांजा! मुझे शोमेकर उर्फ किंग ऑफ डैथ स्क्वैड का पता बताओ, जिसकी शह पर तुमने पूर्व प्रेसीडेन्ट साहब को गायब करना चाहा।

आह!

इसी पल आकाश गूंज उठा हैलीकॉप्टर के शोर से-

और ताबड़-तोड़ गोलियों ने छलनी बना कर रख दिया कांजा के शरीर को-

आ ह्ह

गोलियों ने खलबली मचा दी वहां-

हा हा ही! कांजा को तो उसके अंजाम तक पहुंचा दिया मैंने। नागराज, अब तेरी बारी है। हा हा हा।

नागराज की कलाई से सरसराई सर्प-रस्सी—
शोमेकर! तेरी ही तलाश थी मुझे।
तू मुझ तक कभी नहीं पहुंच पायेगा नागराज!
जिंग
जिंग
जिंग
* कई गोलियां नागराज के जिस्म में समा गईं।
सामने देख। तेरी मौत तेरा इंतजार कर रही है।
ओह! ये टॉवर मुझे घातक चोट पहुंचा सकता है।
*नागराज पर गोलियों का असर नहीं होता है।

रबर के गुड्डे के समान हवा में लहराया नागराज का जिस्म—
सीट से उछल पड़ा शोमेकर—
आह!

लेकिन बिजली भरी थी उसके जिस्म में—
तेरी मौत मेरा मिशन है नागराज!
ओह!

गिरने के साथ ही नागराज ने बल प्रयोग से उछाल फेंका अपनी छाती पर चढ़े शोमेकर को —
अब मैं देखूंगा कि तेरा जिस्म नीचे गिर कर कितने टुकड़ों में बदलता है।

नीचे झांका नागराज ने —
गिर गया शोमेकर?

शोमेकर अकेला नहीं जायेगा नागराज!
उफ!

और उस मीनार से टकराने से न बचा सका वो हेलीकॉप्टर को, परिणामस्वरूप —
धड़ाम
आह
परखच्चे उड़ गए हेलीकाप्टर और पायलेट के भी।

इधर तीव्र गति के साथ जमीन की ओर बढ़ रहा था शोमेकर —
उफ! पैराशूट नहीं खुल रहा।

शोमेकर के पीछे था नागराज—
ओह! अगर इस समय मैंने अपने सर्प पैराशूट का प्रयोग किया तो शोमेकर मेरी पहुंच से बहुत दूर निकल जाएगा। मुझे इसीगति से नीचे गिरना होगा।
सर्कस का पण्डाल चीरता चला गया शोमेकर का जिस्म—
फटचाक
पूरी गति के साथ नागराज भी समा गया उसी छिद्र में—
उफ!
किस्मत के धनी निकले दोनों—
उफ
ओह
और शुक्र था कि समय "शो" का नहीं था—
लचीले जाल पर उछल कर नागराज शोमेकर से टकराया—
तुम्हारा अंत नागराज के हाथो लिखा है शोमेकर शायद इसलिए तुम अभी भी जिन्दा हो।

सर्परस्सी पर लहराया नागराज—
शोमेकर! सर्कस के जाल पर लड़ने की प्रैक्टिस भी कर ली होती!
नहीं sss
धाड़
और घबरा उठा शोमेकर —
मैं नागराज से मुकाबला नहीं कर सकता। मुझे यहां से भाग निकलना चाहिए।
नागराज की उस जबरदस्त ठोकर से शोमेकर कई फुट आगे उछल गया —
तेरे ही खूनी कारनामें पढ़कर मैं यहां आया था शोमेकर और अब तू बचकर भाग निकलना चाहता है।
शोमेकर की खूनी निगाहें जा अटकी उन पिंजरों पर—
नागराज! तू मुझे नहीं पकड़ सकता।

एक-एक करके आजाद करता चला गया वह उन पिंजरों में बन्द जानवरों को।

निकलो! बाहर निकलो और चीर कर रख दो नागराज को।

शेर चीतों की भयानक दहाड़ों व शोर से भगदड़ मच गई सर्कस के जांबाजों में—

उफ! उस शैतान ने पिंजरों के दरवाजे खोल दिये हैं।

THE GREAT ROYAL CIRCUS

पकड़ो उसे! मारो उसे!

वन्य प्राणियों को जकड़ने को बढ़ चली सर्प-रस्सियां—

सर्कस के सधे और डराए गए ये जीव भी स्वतन्त्रता की सांस पाकर पुनः उग्र हो सकते हैं। और इन्हें खत्म करने का मेरा कोई इरादा नहीं।

बचाओ! आह!

उफ! इस शैतान ने पिंजरों में बंद उन भयानक व हिंसक प्राणियों को आजाद कर दिया है।

नागराज के सामने गुस्ताखी नहीं चलेगी सिंहराज!

गर्र्र

दहाड़

बचाओ आह

नागराज ने शीघ्र ही नियंत्रण पा लिया उस संकट पर—

और—

शोमेकर उर्फ किंग उर्फ डैथ स्क्वैड कहां है?

ओह!

बेबस हो चुका था शोमेकर —

उफ नहीं।

शो-मेकर! तेरा खेल अब खत्म हो चुका है दरिन्दे!

एक शिकंजा तेरे पांव को कस चुका है और ...

... दूसरा शिकंजा मौत का, तेरी जिन्दगी को कसने आ पहुंचा है!

नागराज की उस जबरदस्त ठोकर ने शोमेकर की गर्दन की हड्डियां कड़कड़ा दीं।

समाप्त